हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

11 छात्रों ने पेंटिंग बनाकर दिया पर्यावरण बचाने का...



12 अधिवक्ता परिषद हरियाणा ने आतंकियों ...



HURRY UP ! Limited Seats
NEET | JEE | NTSE | NDA | MNS | AIRFORCE
★Free Doubt Class ★AC Class Rooms
★Free Extra Class ★Join H.D. for Success
★No Tuition No Tension ★Direct Bus Service From Ch. Dadri
FREE DEMO Classes
Science (Medical, Non-Medical) Commerce, Arts
H.D. Public School Birohar
A Co-Education English Medium | C.B.S.E Affiliated Sr. Sec. School
Admission Open Nur. to 9th & 11th
For Session 2025-26
M. 8059923555, 8607128682

## खबर संक्षेप

### योग कॉम्पिटीशन में बोहल हाई स्कूल अव्वल

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा खंड मे आयोजित खंड स्तरीय योग प्रतियोगिता में राजकीय उच्च विद्यालय बोहल के छात्र रौनक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भूपेंदर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों मे साक्षी ने दूसरा व निशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । विद्यालय मुखिया संदीप शर्मा ने बच्चों की इस उपलब्धि पर डी पी ई अंजू मैडम की मेहनत को सराहा। विद्यालय पहुंचने पर बच्चों को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर मदनपाल ,राजेश कुमार ,संदीप,अंजू ,मीना सुरेश सत्यवान,संदीप उपस्थित रहे।

### 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**चरखी दादरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 10 मई को जिला न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजीव काजला ने बताया कि लोक अदालत में बैंक ऋण से जुड़े मामले, मोटर वाहन दुर्घटनाएं, एनआई एक्ट से संबंधित प्रकरण, आपराधिक केस, राजस्व संबंधी विवाद, वैवाहिक मामलों समेत कई प्रकार के मामलों का समाधान किया जाएगा। यह अदालत लंबित मामलों को सौहार्द और सहयोग की भावना से निपटाने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है।

### कैंसर मरीजों के लिए 28 को लगेगा रक्तदान शिविर

**भिवानी।** रणजी खिलाड़ी अमित वशिष्ठ की पुण्यतिथि पर अमित वशिष्ठ फाउंडेशन द्वारा चौथा 28 अप्रैल को कैंसर मरीजों के लिए चौथे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अमित वशिष्ठ फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि यह रक्तदान शिविर गांव खरक कलां के दादी जाबदे मंदिर में सुबह 9 से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में एम्स बाढ़सा की टीम कैंसर मरीजों के लिए रक्त एकत्रित करेगी। उन्होंने कहा कि कि देश में कई लोग ब्लड कैंसर से पीड़ित हैं, जो अपने उनके टिशू टाइप से मैच होने वाले दाता को ढूंढ रहे हैं। ऐसे में सही रक्तदाता ब्लड कैंसर से पीड़ित लोगों की जान भी बचा सकते है।

# प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन ने किया डीईओ ऑफिस का घेराव

## एसो. ने अवैध रूप से चल रही एकेडमी व प्ले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग रखी





**भिवानी।** किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए सचिवालय में तैनात पुलिस बल और जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष अपनी मांग रखते प्राइवेट स्कूल संचालक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन ने गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का विभिन्न स्कूल को प्राचार्यों व शिक्षकों के साथ अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान नारेबाजी भी की। प्राइवेट स्कूल संचालकों ने कहा कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसो. के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी के आगे अवैध रूप से चल रही एकेडमी व प्ले स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का कहा। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन पिछले तीन साल से इस कार्य में लगी हुई है और डॉयरेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पिछले तीन सालों में दस बार इन अवैध स्कूलों को बंद कराने के आदेश निकाले गए हैं मगर इस पर कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने अधिकारियों पर औपचारिकता पूरी करने का इल्जाम लगाया कि कार्यवाही के नाम पर केवल लीपापोती की जा रही है। विभाग के अधिकारी दो बजे के बाद इंस्पेक्शन पर जाते हैं जबकि बच्चों की पहले ही छुट्टी हो चुकी होती है। ऐसे में उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को आगाह किया कि अगर यह अवैध रूप से चले रहे ये स्कूल बंद नहीं किए गए तो मान्यता प्राप्त स्कूल भी विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना नहीं करेंगे और किसी प्रकार का समर्थन विभाग को नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि मान्यता प्राप्त स्कूल अपने सभी एनओसी पूरे करते हैं व विभाग उन्हीं के पास जाकर सारे कानून मनवाना चाहता है वहीं अवैध रूप से चले रहे प्ले स्कूल जो किसी भी तरह का सुरक्षा का मापदंड पूरा नहीं करते हैं ना ही किसी प्रकार की मान्यता लेते हैं उन स्कूलों के खिलाफ विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही। राम अवतार शर्मा ने कहा कि प्रशासन की तानाशाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर समाधान नहीं किया जाएगा तो बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा। चाहे स्कूल बंद करने पड़े तो भी वे पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग पर आरोप लगाया कि जब विभाग की टीम छापेमारी करने के लिए बिना मान्यता प्राप्त अकादमी व प्ले स्कूलों में जाती है तो इसकी सूचना पहले से ही उनको दे दी जाती है।

वहीं डीईओ सुभाष भारद्वाज ने कहा कि जिले में करीब 400 एकेडमी व गैर मान्यता प्राप्त स्कूल है जिन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने प्राइवेट स्कूलों द्वारा दी गई शिकायत ले ली है व अवैध रूप से चल रहे प्ले स्कूल व एकेडमी के खिलाफ छापेमारी भी की है। पर जिस तरह से प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसो. प्रशासन से संतुष्ट नहीं है तो प्रशासन द्वारा छापेमारी की कार्रवाई में और अधिक तेजी लाई जाएगी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर शमशेर सिंह, संजीव श्योराण, रामकुमार, डॉ. डीपी कौशिक, डॉ. वीनू गिरधर, स्नेह लता, धनसिंह अग्रवाल, अमित धूपड़, नवीन, दीपक शर्मा आदि मौजूद थे।



**तोशाम।** लोगों की समस्याएं सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य ने सुनीं समस्याएं

■ अधिकारियों को दिए त्वरित कार्यवाही करते हुए समस्याओं के समाधान करने बारे निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भारत सरकार के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने वीरवार को दोपहर बाद गांव ढाणी माहू की धानक समाज की चौपाल में विशेष दरबार लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए मौके पर मौजूद विभिन्न विभागों और पुलिस अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत अभियान को सही सफलता तभी मिलेगी सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं का सही तरीके धरातल पर सभी विभागों द्वारा बेहतर तरीके क्रियान्वयन होगा। प्रियंक कानूनगो के समक्ष गांव ढाणी माहू तथा आसपास गांवों से करीब तीन दर्जन लोगों ने अपनी निजी और सामुहिक समस्याएं रखी। इस दौरान एसडीएम अश्वीर नैन और डीएसपी दलीप सिंह सहित तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। नागरिकों की समस्याएं सुनने के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए प्रियंक कानूनगो ने कहा कि भारतीय संविधान में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गो, दिव्यांगजनो आदि सहित प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार दिए गए हैं। अधिकारों की रक्षा के लिए संविधान में कानून का भी प्रावधान है। उन्होंने कहा आमजन के हकों की रक्षा करना अधिकारियों की ड्यूटी बनती है। इस अवसर पर हरियाणा बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य सुशील वर्मा,पीपीओआईसी डीएस वैशाली सिंह,नायब तहसीलदार संजय शर्मा,डॉ सुनिल कुमार, डॉ वरूण जागलान,सीडीपीओ किरन,एडवोकेट व पूर्व सरपंच राजेश जांगड़ा,ढाणी माहू के सरपंच रणबीर सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कार में लगा मिला सायरन, बाइक में नहीं मिला कोई भी कागजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



■ पुलिस ने दोनों वाहनों को इम्पाऊंड किया



यातायात पुलिस ने एक कार को सायरन बजाकर घुमते हुए पकड़ा। कागजात मांगे तो कोई भी कागजात नहीं दिखा पाए। बाद में कार चालक ने अपने सहयोगी को कॉल करके कागजात लाने के लिए बुलाया। बाइक चालक भी कोई कागजात नहीं लाया। इस दौरान बाइक के कागजात चेक किए तो बाइक के भी कोई भी कागजात नहीं मिले। जिसके चलते पुलिस ने दोनों वाहनों को इम्पाऊंड कर दिया। किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि एक कार सायरन बजाता हुआ सड़कों पर घुम रहा है। यातायात पुलिस ने उस गाड़ी का पीछा किया और पकड़ लिया।

कागजात जांचे तो गाड़ी में कागजात नहीं मिले। गाड़ी में बिना अनुमति का सायरन लगा हुआ पाया गया। इस दौरान कार चालक ने अपने दोस्त के पास फोन किया और कार के कागजात लाने के लिए कहा। इस दौरान उसका दोस्त एक बाइक से मौके पर पहुंचा और बताया कि कागजात उसके भाई के दोस्त के पास है। पुलिस ने बाइक के भी कागजात मांगे। बाइक के भी कागजात नहीं मिले। पुलिस ने दोनों वाहनों को इम्पाऊंड कर लिया है।

### पैनल अधिवक्ता प्रत्येक रविवार देंगे कानूनी सेवाएं

**लोहारू।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा लोहारू उपमंडल के गांव सोहासड़ा तथा बहल के पंचायत घरों में मई माह के लिए विलेज लीगल केयर एंड सपोर्ट सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन लीगल पॉलीक्लिनिक में सायं दो बजे से पांच बजे तक पैनल अधिवक्ता और पीएलवी प्रत्येक रविवार लोगों को कानूनी सेवाएं दी जाएगी। उपमंडल कानूनी सेवाएं समिति के अध्यक्ष एवं एसीजे एसडी देवेंद्र सिंह द्वारा जारी आदेशों के तहत गांव सोहासड़ा तथा बहल के पंचायत घरों में मई माह के दौरान दोपहर बाद 2 बजे से 5 तक प्रत्येक रविवार को पैनल अधिवक्ता कानून रूप से जागरूक करने के लिए अपनी सेवाएं देंगे। जरूरतमंद व्यक्ति को नालसा व कानूनी प्राधिकरण की स्कीमों की जानकारी देंगे। कानूनी जागरूकता शिविरों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इन गांव के विलेज लीगल केयर और स्पोर्ट्स सेंटर में पैनल अधिवक्ता, पीएलवी प्रत्येक रविवार को अपनी सेवाएं देंगे।

# सेना में भर्ती होने की प्रक्रिया के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** आयोजित शिविर में योग करवाते हुए।

वीरवार को 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में सुबह योगा प्रशिक्षण दिया गया। इसके पश्चात मेजर अश्वनी चिकित्सा अधिकारी, रिक्यूटिंग ऑफिस चरखी दादरी ने शिरकत की। 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश दहिया व डिप्टी कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल थॉमस कुट्टी एनसी द्वारा उनका हार्दिक अभिनंदन किया गया। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि सेना में भर्ती होने के लिए विभिन्न तरीको में एनसीसी कैडेट्स का चयन एक श्रेष्ठ विधि है, जिससे नौसेना, वायुसेना, और भारतीय सेना में युवा कैडेट्स को शामिल किया जाता है। एनसीसी अधिकारियों की भर्ती विभिन्न तरीकों से हो सकती है। एनसीसी सर्टिफिकेट के आधार पर, आप सेना भर्ती रैलियों या एग्जामिनेशन के माध्यम से भारतीय सेना में अधिकारी के पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने अग्निवीर भर्ती के बारे में भी पूरी प्रक्रिया को विस्तार से बताया। भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में शामिल होने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रवेश हैं। नेशनल डिफेंस अकैडमी (एनडीए) परीक्षाः यह परीक्षा 12वीं कक्षा के उत्तीर्ण छात्रों के लिए एक विकल्प है। एयर फोर्स, आर्मी, और नौसेना के लिए एक आवेदन प्रक्रिया के अंतर्गत इस परीक्षा को दिया जाता है।

## अध्यापकों ने स्वयं के खर्चे पर स्कूल का सौंदर्यकरण करवाया

# खरकड़ी झांवरी का स्कूल बना सौंदर्यकरण की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





जिले के गांव खरकड़ी झांवरी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों ने एक प्रेरणादायी पहल करते हुए अपने स्वयं के खर्चे पर स्कूल का सौंदर्यकरण कराया है। संसाधनों की कमी और सरकारी सहायता की प्रतीक्षा किए बिना, शिक्षकों ने मिलकर स्कूल परिसर को एक सुंदर, स्वच्छ और बच्चों के लिए प्रेरणादायक स्थान बना दिया है।

इस सराहनीय कार्य में राजेश सरपंच खरकड़ी माखवान, विकास जाखड़ पीजीटी, सतबीर ख्यालिया पूर्व प्राचार्य, देवेंद्र सरपंच लक्ष्मणपुरा, ओमप्रकाश प्रकाश पूर्व सरपंच झांवरी, राजेश सरपंच झांवरी, सतबीर लााखलान सेवानिवृत्त पीजीटी, रमेश कुमार खरकड़ी माखवान, रणबीर कादियान खरकड़ी माखवान, रविंद्र खरकड़ी माखवान, राजकुमार झांवरी जेबीटी, रामपाल झांवरी पीजीटी ने भी सहयोग दिया। प्राचार्य राज सिंह घणघस ने बताया कि विद्यालय का भवन कई वर्षो से पुराना लगा रहा था। प्रवक्ता बलजी सिंह, अशोक कुमार, समुंद्र सिंह मंजीत ने सकारात्मक पहल करते हुए विद्यालय के रंग रोगन का बीड़ा उठाया, जिसमें धन का अभाव आड़े आ रहा था। जिसको पूरा करने के लिए समस्त स्टाफ सदस्यों से विचार करने पर उन्होंने पूरे जोश से इस कार्य में सहयोग करने का आश्वासन दिया तथा कुछ ही समय में करीबन 60 हजार की राशि एकत्रित हो गई। जिसमें बाद अन्य सदस्यों ने भी सहयोग राशि दी तथा लगभग सवा लाख रूपये एकत्रित होने के बाद विद्यालय में रंग रोगन का कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि इस सराहनीय कार्य में ना केवल स्टाफ सदस्यों, बल्कि खरकड़ी, झांवरी तथा लक्ष्मणपुरा तीनों ग्राम पंचायतों व ग्रामीणों ने भी सहयोग दिया। जिससे विद्यालय के प्रांगण का रंग रोगन हो पाया। उन्होंने बताया कि अब विद्यालय भवन आगंतुकों को आकर्षित कर रहा है। प्राचार्य राज सिंह घणघस ने पंचायत प्रधान, ग्रामीणों व स्टाफ सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि स्टाफ सदस्यों ने महसूस किया कि बच्चों के लिए एक सुंदर और सकारात्मक वातावरण जरूरी है तथा विद्यार्थियों को साफ-सुथरा एवं बेहतरीन शैक्षणिक माहौल दिलाने के लिए ये बीड़ा उठाया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के इस प्रयास से छात्रों में स्कूल के प्रति लगाव बढ़ा है।

# रक्तदान शिविर में 82 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए।

प्रेम और भाईचारे की भावना को उजागर करता 'मानव एकता दिवस', निरंकारी मिशन द्वारा प्रति वर्ष 24 अप्रैल को बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में श्रद्धा और आध्यात्मिक भावनाओं से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाता है। यह दिन केवल पुण्य स्मरण का अवसर नहीं, अपितु मानवता, सौहार्द और एकत्व की भावनाओं का आत्मिक संगम है।

इस वर्ष भी, संत निरंकारी मिशन द्वारा पूरे भारतवर्ष की लगभग 500 से अधिक ब्रांचों पर भव्य रक्तदान शिविरों की अविरल श्रृंखला आयोजित की गई। इसी श्रृंखला में भिवानी स्थित प्रेक्षा विहार में रक्तदान शिविर एवं भव्य सत्संग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली से पधारे महात्मा श्रीराम शरण ने की। इस अवसर पर विधायक घनश्याम सर्राफ, नगरपरिषद चेपरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस रक्तदान शिविर में 82 यूनिट रक्तदान किया गया। चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल से डा. मोनिका सांगवान की अगुवाई में टीम ने रक्त संग्रह किया। इस अवसर पर हनुमान मंदिर जोहड़ी धाम से महंत चरणदास भी उपस्थित रहे।



रोचक / रजनी अरोड़ा

टनल यानी सुरंग, जिसके भीतर से हम गुजरते हुए अपना रास्ता तय करते हैं। टनल, पहाड़ या चट्टान को काट कर ही नहीं, कुछ टनल पेड़ के बीच या किसी विशाल टॉवर की मंजिलों के बीच भी बने हैं, जिन्हें देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह जाता है।

# आश्चर्यचकित करने वाले दुनिया के अनोखे टनल

### 5वीं-7वीं मंजिल के बीच टॉवर टनल, जापान

**जापान की** टॉवर टनल की खास बात यह है कि यह एक 16 मंजिला ग्रेट टॉवर ऑफिस बिल्डिंग की 5वीं-7वीं मंजिल के बीच में से होकर गुजरती है। इस टनल में बने हानशिन एक्सप्रेसवे पर ट्रांसपोर्ट भी चलता है। यह एक्सप्रेसवे जापान के ओसाका शहर में बना है। सन 1992 में बनी यह टनल 71.9 मीटर (236 फीट) ऊंची है। टनल को ऐसी तकनीक से डिजाइन किया गया है कि इस पर गुजरते ट्रैफिक के शोर और वाइब्रेशन का कोई असर बिल्डिंग की अन्य मंजिलों पर नहीं पड़ता। *

### मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद द बंड टनल, चीन

**चीन के** शंघाई शहर में हुआंगपू नदी के नीचे बने द बंड टनल में चारों तरफ 6 चैनल एंप्लीफाइस सिस्टम और साउंड इफेक्ट्स जैसी लेटेस्ट साइकेडेलिक मल्टीमीडिया



टेक्नोलॉजी फिट की गई हैं। पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण है-यहां बने रेलवे ट्रैक पर चलने वाली ऑटोमेटिक ट्रांसपेरेंट मागलेव ट्रेन की राइड। यहां ऑटोमेटिक मागलेव ट्रेन मे घूमते हुए शानदार ऑडियो-वीडियो युक्त मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद लिया जा सकता है। *

### पेड़ के तने के बीच सेक्यूआ टनल, अमेरिका



**बच्चो, एक** ऐसी टनल भी है, जिसे पेड़ के तने को काट कर बनाया गया है। यह टनल है-कैलिफोर्निया, अमेरिका के सेक्यूआ नेशनल पार्क में, जो दुनिया की सबसे छोटी टनल है। इस पार्क में सेक्यूआ के बड़े-बड़े पेड़ हैं। 1937 में ऐसा ही एक बहुत बड़ा पेड़ प्राकृतिक कारणों से पार्क के रास्ते में सड़क पर गिर गया था। 84 मीटर (275 फुट) लंबे इस पेड़ का तना 6.4 मीटर (21 फुट) का था। इसके तने की चौड़ाई देखकर पार्क के अधिकारियों ने इस पेड़ को हटाने के बजाय इसके तने को काटकर उसके बीच में से गुजरता रास्ता बनाने का फैसला किया। सड़क की चौड़ाई के हिसाब से इसके तने को 2.4 मीटर (8 फुट) लंबाई और 5.2 मीटर (17 फुट) चौड़ाई में काट कर टनल का रूप दिया गया। आज भी यह टनल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, इसके नीचे से कार आराम से गुजर जाती है। *

### फूलों के बीच मजा विस्टेरिया टनल, जापान

**बच्चो, अगर** तुम्हें फूलों के बीच बने टनल से गुजरने का मौका मिले तो कैसा लगेगा! मानी बात है, बहुत मजा आएगा। ऐसी ही एक टनल जापान के किटक्युशू द्वीप के कावाची फूजी गार्डन में है, जिसका नाम है-विस्टेरिया टनल। कावाची फूजी गार्डन में बनी बेलनाकार जाली के ऊपर विस्टेरिया फूलों के झाड़ीनुमा पौधों को इस तरह बढ़ने दिया जाता है कि वो टनल का आकार ले लेते हैं। 110 मीटर लंबे इस टनल में 20 से अधिक किस्मों के 150 से भी अधिक विस्टेरिया फूलों के पौधे लगाए जाते हैं। अप्रैल-मई के महीने में यह टनल रंग-बिरंगे विस्टेरिया फूलों से भर जाती है, जो देखने में बहुत मनभावन लगती है। इस टनल को दूर-दूर से पर्यटक देखने आते हैं। *



### दुनिया का आठवां आश्चर्य नेचुरल टनल, अमेरिका

**अमेरिका के** वर्जीनिया में स्थित लाखों साल पुरानी यह नेचुरल टनल, आज भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। पहले यहां चूना-पत्थर (लाइमस्टोन) की चट्टानें हुआ करती



थीं, जो कार्बनिक एसिड मिले ग्राउंडवाटर के रिसने से धीरे-धीरे टूटती गईं और अपने-आप ही टनल का रूप लेती गई। आज भी यह टनल 61 मीटर (200 फुट) चौड़ी और 24 मीटर (80 फुट) लंबी है। 1896 में इसे दुनिया का आठवां आश्चर्य घोषित किया गया था। *

### पेड़-पौधों की हरियाली से सजी टनल ऑफ लव, यूक्रेन



**जिस तरह** जापान की विस्टेरिया टनल फूलों से सजी है, उसी तरह यूक्रेन में स्थित क्लेवान टनल, पेड़-पौधों की हरियाली से सजी है। यह टनल करीब 3 किलोमीटर लंबी है। यह जंगल के उस रेलवे ट्रैक के आस-पास बनी है, जिस पर गुजरकर दिन में तीन बार जंगल से कटी लकड़ियां ट्रेन, फैक्ट्रियों तक पहुंचाती है। अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के कारण इसे टनल ऑफ लव नाम दिया गया है। जब इस टनल से ट्रेन के गुजरने का समय नहीं होता, तब पर्यटक इस टनल के रेलवे ट्रैक पर पैदल चलने का भी आनंद लेते हैं। *

### अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पाथ टनल, कनाडा



**बच्चो, जिस** तरह दिल्ली में स्थित पालिका बाजार, अंडरग्राउंड बना हुआ है, इसी तरह कनाडा के टोरंटो में भी पाथ अंडरग्राउंड टनल में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। यह टोरंटो के ऑफिस टॉवर के नीचे है, जो 30 किलोमीटर लंबा है। यहां तकरीबन 1200 रिटेल शॉप्स, 20 पार्किंग गैराज हैं। वर्ष 1900 में पैदल यात्रियों के लिए शुरू की गई यह टोरंटो की पहली टनल थी। 1960 के दशक में इसमें अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनने शुरू हो गए। गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स के अनुसार यह दुनिया का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड टनल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। इस टनल से रोजाना करीब 1 लाख लोग गुजरते हैं। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली


## भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा

बच्चो, कहानी-कविता की किताबें तो तुम खूब पढ़ते होगे, लेकिन क्या इनके अलावा ज्ञानवर्धक और नॉन-फिक्शन किताबें भी पढ़ते हो? ऐसी किताबें तुम्हें आज की दुनिया के साथ जोड़े रखती हैं, जानकारी बढ़ाती हैं और कुछ अच्छा करने, कुछ बनने की राह दिखाती हैं। कुछ समय पहले ऐसी ही एक किशोरोपयोगी प्रेरक किताब 'भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा' छपकर आई है। इस किताब में 15 भारतीय महिला वैज्ञानिकों के बारे में बताया गया है। उन वैज्ञानिकों ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान तो दिया ही है, साथ ही उनकी यह यात्रा भी कम रोचक नहीं रही है, क्योंकि उन्होंने तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करके ऊंचा मुकाम बनाया है। इन महिला वैज्ञानिकों के बारे में पढ़कर तुमको बहुत कुछ जानने-सीखने का अवसर मिलेगा। *



**किताब:** भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा, **लेखिका:** अनुपमा गोरे, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** आईसेक्ट पब्लिकेशन, भोपाल

### बूझो तो जानें



1
नभ में एक धनुष बनता है
जिसके रंग हैं पूरे सात।
नहीं हाथ में आ सकता है
दिखता, जब होती बरसात।

2
खाओगे तो स्वाद है कड़वा
कहलाता हूं बड़ा हकीम।
सबको शीतल छाया देता
चिड़ियां करती प्यार असीम।

3
एक वर्ष के लिए मैं आऊं।
दिवस, दिनांक, मास बतलाऊं।
छोटे-बड़े हैं बारह बच्चे।
सभी नेक हैं, सीधे-सच्चे।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1. इंद्रधनुष, 2. नीम, 3. कैलेंडर

### जीके क्विज-151



1. आईपीएल में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी का नाम क्या है?
2. हाल में भारत आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
3. खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
4. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. विश्व श्रमिक दिवस कब मनाया जाता है?
7. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
8. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस प्रदेश में स्थित है?
9. वायुमंडल में किस गैस का प्रतिशत सबसे अधिक पाया जाता है?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी कहां है?



**बच्चो, जीके क्विज-151 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-150 का उत्तर :** 1.1970 ई., 2.गैलॉर्ड नेल्सन, 3.विराट कोहली, 4.पुर्तगाल, 5.एस. जयशंकर, 6.मासिनराम, 7.कोलकाता, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.चैत्र, 10.तिरुवनंतपुरम

**जीके क्विज-150 का सही उत्तर देने वाले :** राजेंद्र-चांपा, कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, शताक्षी-दुर्ग, हर्ष-रायपुर, सचिन-रोहतक, अमन-बिलासपुर, आयुष-ईमेल से, दिव्या-रोहतक

---

कहानी / राजेंद्र श्रीवास्तव

स्वप्निल का जन्मदिन आया तो वह अपनी बहन चिया के साथ इसकी तैयारी में जुट गया। जन्मदिन की तैयारी में वह ऐसा खोया कि रात सोने पर भी सपने में वह अपना जन्मदिन बड़े अनोखे अंदाज में मनाते दिखा। आंख खुली तो उसे अपने आप पर खूब हंसी आई, साथ में मम्मी-पापा और चिया भी खूब हंसे। ऐसा क्या सपने में देखा स्वप्निल ने?

## स्वप्निल का सपना



स्वप्निल आज बहुत खुश था। वह खुशी-खुशी अपने सभी दोस्तों को बता रहा था, 'कल मेरा जन्मदिन है।' उसने अपने सभी दोस्तों को बर्थ-डे पार्टी में इनवाइट किया था। सबने वादा किया कि वह कल उसकी बर्थ-डे पार्टी में जरूर आएंगे। स्वप्निल की बहन चिया भी इस पार्टी को लेकर बहुत उत्साहित थी। स्कूल से घर आकर दोनों शाम तक बर्थ-डे पार्टी की तैयारी में लगे रहे। स्वप्निल उतावला हो रहा था, कब रात बीते और सवेरा हो और वह अपनी बर्थ-डे पार्टी मनाए।

स्वप्निल का उतावलापन देखकर मां ने कहा, 'बेटा, क्या जागते-जागते ही रात काटोगे, अब सो जाओ।'

स्वप्निल ने मां की बात मानी और आकर अपने बिस्तर पर लेट गया। कल की पार्टी के बारे में सोचते-सोचते कब वह सो गया, पता ही नहीं चला। सपने में स्वप्निल ने देखा कि वह किसी घने जंगल से गुजर रहा है। तभी सामने एक बड़ी-सी नदी दिखाई दी। नदी पर लंबा और आड़ा-तिरछा, ऊंचा-नीचा पुल है। पुल के दूसरी ओर एक सजी हुई टेबल पर उसका मनपसंद बहुत ही सुंदर-सा केक रखा है। केक के आस-पास बहुत सारे गिफ्ट भी रखे हुए हैं। उसके सभी दोस्त और चिया भी वहां धूम मचा रहे हैं। तभी उस दूसरे किनारे से चिया ने आवाज दी, 'स्वप्निल जल्दी आओ, यह केक तुम्हें ही काटना है।'

स्वप्निल जल्दी-जल्दी पुल पार करने लगा, लेकिन वह जैसे ही पुल के बीचों-बीच पहुंचा, पुल खट से टूट गया। यह देखकर वह डर गया। स्वप्निल को लगा, अब तो वह नदी में डूब जाएगा। वह पुल से नदी के पानी में गिरने ही वाला था, तभी एक दूसरे सुंदर से झूले पर वहां चिया आ गई। उसने सहारा देकर स्वप्निल को उस झूले पर ले लिया। चिया को अपने पास देखकर स्वप्निल का सारा डर उड़न-छू हो गया।

उसने देखा कि झूला सुंदर फूल-पत्ती और मजबूत लताओं का बना है। यह झूला किसी लकड़ी पर नहीं, हरी-पीली लंबी ककड़ी से बंधा है। ककड़ी का एक सिरा नदी के एक किनारे जेब्रा के कंधे पर है, दूसरा सिरा नदी के दूसरे किनारे पर कंगारू के कंधे पर है। बिना पंखों वाले कीवी और शुतुरमुर्ग भी उस ककड़ी को पकड़े हुए हैं। वहां एक रंगीन और सुंदर पंखों वाला मोर भी है। मोर नाच-नाच कर सबका मनोरंजन कर रहा है। एक रंग-बिरंगी तितली चिया और स्वप्निल के आस-पास मंडरा रही है। नीचे नदी के पानी में मछलियां लहरों के साथ अठखेलियां कर रही हैं। यह सब देखकर स्वप्निल बहुत खुश हुआ। अचानक उसे केक की याद आई। उसने आस-पास देखा। वहां न कहीं केक था, न ही गिफ्ट थे। तभी नदी के एक किनारे पर उसे एक लंबी पूंछ वाली चुहिया दिखी। चुहिया छिपकर स्वप्निल के केक को चट कर रही थी। कुछ गिफ्ट भी उस चुहिया ने कुतर-कुतर कर खराब कर दिए थे। यह देखकर स्वप्निल की सारी खुशी गायब हो गई। उसने दौड़कर उस चुहिया की पूंछ पकड़ ली और खींचते हुए जोर-जोर से रोने लगा, 'मेरा केक, मेरे गिफ्ट... मेरा केक, मेरे गिफ्ट...!'

तभी चिया की चीख सुनकर स्वप्निल की नींद खुल गई। उसने देखा, वहां न नदी थी, न ही झूला। न तितली थी और न ही चुहिया। जेब्रा और कंगारू, मोर और मछलियां भी नहीं थीं। उसके हाथ में चुहिया की पूंछ नहीं, चिया की चोटी थी, जिसे वह खींच रहा था और चिया दर्द से चिल्ला रही थी। मम्मी भी पास में ही खड़ी थीं।

स्वप्निल चिया की चोटी छोड़कर बोला, 'सॉरी चिया! लगता है मैं सपना देख रहा था।'

स्वप्निल ने अपना सपना मम्मी-पापा और चिया को सुनाया। उसका सपना सुनकर सभी को खूब हंसी आई। तभी मम्मी और चिया ने वहां टेबल पर सजाए गए केक और बहुत सारे गिफ्ट स्वप्निल को दिखाए। मम्मी बोली, 'देखो स्वप्निल, यह केक और गिफ्ट सब तुम्हारे लिए हैं और यह सपना नहीं है।'

चिया अपनी चोटी संभालते हुए बोली, 'और यहां चुहिया भी नहीं है।' चिया की बात सुनकर स्वप्निल और मम्मी-पापा जोर से खिलखिलाकर हंस दिए। *

---

कविता

दिनेश पाठक 'शशि'




## छुक-छुक रेल

बच्चे मिलकर खेलें खेल।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नंदू जी की गुड़िया बोली
आओ मिलकर खेलें-खेल।
हो जाते हैं खड़े इस तरह
बन जाएगी लंबी रेल।।
किंतु न करना कोई भैया
बिल्कुल धक्कम ठेला-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
चिंकी-पिंकी, टिंकू डिब्बे
इंजन राजा भैया।
राजुल गार्ड दे रहा सीटी
नाचे ता-ता थैया।
डिब्बे बनकर सब करते हैं
देखो कैसी ठेलम-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नहीं तीसरा दरजा इसमें
नहीं है दरजा पहला।
भेद-भाव से दूर बहुत है
कोई न नहला-दहला।
खेल-मेल की इस गाड़ी का
नाम रखा है चुनमुन मेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।

---


### अंतर बताओ

बच्चो, यहां डिफरेंट ब्रीड के डॉग्स के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम पांच मिनट में ये सातों अंतर ढूंढ़कर बताओ।



### एनिमल का नाम बताओ

बच्चो, नीचे दिए गए प्रत्येक एनिमल के चित्र के साथ कुछ अल्फाबेट्स दिए गए हैं। इन अल्फाबेट्स को सही से अरेंज करने पर एनिमल का नाम तुम्हें मिलेगा। तो देर किस बात की, अल्फाबेट्स अरेंज कर प्रत्येक चित्र के नीचे दिए गए बॉक्सेज में एनिमल के नाम लिखो।



# साहब! राशन डिपो में आने वाले तेल से सब्जी कड़वी बनती है, जांच करवाओ...

**खास बातें**

- समाधान शिविर में दांग कला निवासी विरेंद्र सिंह ने रखी अधिकारियों के समक्ष शिकायत



भिवानी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

साहब, हमारे गांव के राशन डिपो में जो तेल आ रहा है, वह सही नहीं है। उसमें कुछ ना कुछ मिलावट है। उस तेल से सब्जी बनाते हैं तो कड़वी बनती हैं। आपसे गुजारिश है कि राशन डिपो में आने वाले तेल की जांच करवाई जाए। यह कहना था गांव दांग कला निवासी वीरेंद्र सिंह का। लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में अनेक नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखी। उपायुक्त महावीर कौशिक ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में उपायुक्त कौशिक ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल से संबंधित शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करें और नागरिकों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल मुहैया करवाया जाए।

### समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर हो ठोस कार्रवाई

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर ठोस कार्रवाई करें। केवल औपचारिकताएं पूरी नहीं करें, इस कारण बहुत सी शिकायत रि-ओपन हो जाती हैं जो कि सही नहीं है। उन्होंने निर्देश दिए की समस्या का समाधान होने पर कार्रवाई रिपोर्ट पोर्टल पर अवश्य दर्ज करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शुक्रवार को समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर कार्रवाई की चंडीगढ़ मुख्यालय से भी समीक्षा की जाएगी ऐसे में अधिकारी बैठक में अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट अपने साथ अवश्य लेकर आए।

### सडक़ मार्ग को दुरुस्त करवाने के निर्देश

समाधान शिविर के दौरान राजीव कॉलोनी जन कल्याण सेवा समिति की तरफ से रिसलदार कर्ण सिंह ने उपायुक्त को बताया कि शहीद भगत सिंह चौक से सिटी स्टेशन को जाने वाली सडक़ मार्ग पर राजीव कॉलोनी का चौक आता है, वहां से एक सडक़ तिगड़ाना की तरफ जाती है जो की रेलवे फाटक तक बिल्कुल जर्जर है। सडक़ का कहीं नामोनिशान नहीं है। इसी प्रकार से राजीव कॉलोनी चौक से गुजरानी की तरफ सडक़ जाती है जो कि गुजरानी सडक़ मोड़ तक जर्जर बनी है। इन दोनों सडक़ों पर राहगिरों व वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर अक्सर दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। इस पर डीसी ने मार्केटिंग बोर्ड, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और लोक

### इस प्रकार रही समाधान शिविर में समस्याएं

डीसी के समक्ष सुरेश ने चेकबुक गुम होने बारे, धारेडू निवासी देवी शर्मा ने जमीन से अवैध कब्जा हटवाने, बावड़ी गेट निवासी कमल ने स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री करवाने बारे, सुरेश कुमार ने पीआईडी में दो अन्य लोगों के नाम हटवाने बारे, विनोद कुमार ने पीपीपी से अन्य सदस्य को हटवाने बारे, नरेश कुमार ने पेयजल बारे, राजीव कालोनी वासियो ने पेयजल के नल में पानी का प्रेसर कम होने, गंदा पानी आने और सडक़ की मरम्मत करवाने बारे, किरावड़ निवासी राखी ने स्कूल द्वारा बच्चे की एसएलसी न देने बारे, जिले सिंह ने रास्ते से अवैध कब्जा हटवाने बारे, शेरसिंह ने चुनाव कार्यालय से पुराना वोटर कार्ड लेने बारे, पूर्णसिंह ने गली मे लटकी बिजली की तार हटवाने बारे शिकायत रखी।

### अनेक लोगों ने रखी समस्याएं

गांव सांगवान निवासी महावीर ने गली से अवैध कब्जा हटवाने बारे, नवीन दादालाई जमीन में हिसा दिलवाने बारे, रितू रानी ने पीपीपी में मुखिया बनाने बारे, शीला ने आधार कार्ड ठीक करवाने बारे, सतबीर कौशिक ने मेडिकल क्लेम की फाइल से दस्तावेज गुम बारे, रोशनी देवी ने पीपीपी में कन्ट्रैक्सन वर्कर करवाने बारे, सुषमा देवी ने पीपीपी से भाई का नाम हटवाने बारे, प्रलाहदगढ निवासी नरेश ने हरे पेड़ों की कटाई बारे, देवराला निवासी राजबीर व धर्मेंद्र ने गली मे पार्क बनवाएं जाने बारे, देवराला निवासी प्रदीप ने पंचायती जमीन पर बिना बोली बिजाई करवाने बारे व दांग निवासी विरेन्द्र सिंह ने बीपीएल परिवारों को मिलने वाले सरसों के तेल में मिलावट की जांच करवाने की समस्या रखी।

---

**खबर संक्षेप**

### पशुओं को भी हीटवेव से बचाना जरूरी

**चरखी दादरी।** सभी पशुपालकों अपने पशुधन को हीट-वेव यानी लू अथवा अत्यधिक गर्मी से बचाव को लेकर पशुपालन विभाग की एडवाइजरी का पालन करें। पशुपालन विभाग के अधिकारी पशुपालन की एडवाइजरी के बारे पशु पालकों में जागरूकता लाएं और जिला में गर्मी की लहर की स्थिति पर नजर रखें। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने कहा है कि आमजन के साथ-साथ पशुधन को भी हीट-वेव से बचाना जरूरी है। इसी के चलते पशुपालन विभाग द्वारा विशेष एडवाइजरी जारी की गई है और पशुपालन विभाग को निर्देश दिए हैं कि पशुओं का भी विशेष ध्यान रखने के लिए पशु मालिकों को जागरूक किया जाए ताकि वे विशेष सावधानी रख सकें।

### समाधान शिविर की शिकायतें निपटाएं :

**तोशाम।** एसडीएम डॉक्टर अशवीर सिंह नैन ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की समाधान शिविर में आई शिकायतों के सम्बन्ध में जनता के प्रति जवाबदेही है। उनकी बात सुनना और काम करना हमारी जिम्मेवारी है। जनमानस की समस्याओं पर स्वतः संज्ञान लिया जाए तो उनका समाधान भी शीघ्रता से होगा। एसडीएम डॉक्टर अशवीर सिंह नैन आज वीरवार को समाधान शिविर उपरांत अपने कार्यालय में अधिकारियो को दिशा-निर्देश दे रहे थे। एसडीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं जनता को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। डीसी ने भी अधिकारियो को समाधान शिविर में आई शिकायतों के निवारण के लिए निर्देश दिए।

### पंचायती राज दिवस स्वशासन का प्रतीक

**भिवानी।** पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी.आर. चालिया के निर्देशानुसार तोशाम के बीडीपीओ कार्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीजेएम कम सचिव पवन कुमार ने की। इस अवसर पर पैनल एडवोकेट, ग्राम सचिव, सरपंच, पंच सहित अधिकार मित्र भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि पंचायती राज दिवस भारत में स्वशासन और लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की नींव को मजबूत करने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज मंत्रालय, जो कि इस दिवस का नोडल मंत्रालय है।

### छठे दिन 8 टीमों के बीच हुए रोचक मुकाबले

**भिवानी।** युवाओं को खेलों को अपनाकर व नशा से दूर रहते हुए स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आईसीएस कोचिंग अकादमी द्वारा भिवानी-हांसी रोड़ पर स्थित जी लिट्रा वैली खेल मैदान में सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता छठे दिन भी जारी रही। आईसीएस तोशाम के निदेशक मनजीत सिंह ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता के छठे दिन 8 टीमों के बीच मुकाबले हुए। भिवानी की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया तथा तोशाम की टीम ने66 रनों का लक्ष्य दिया। भिवानी की टीम लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाई तथा 11 रनों ने तोशाम की टीम ने मैच जीत लिया। उन्होंने बताया कि मैन ऑफ द मैचख्का खिताब पंकज को मिला।

---

## मनाया पर्यावरण जागरूकता सप्ताह

# छात्रों ने पेंटिंग बनाकर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

लिटल हार्टस ग्रुप ऑफ स्कूल के सभी विद्यालयों में पर्यावरण जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। पर्यावरण जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे। फोटो : हरिभूमि

लिटल हार्टस ग्रुप ऑफ स्कूल के सभी विद्यालयों में पर्यावरण जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने पेंटींग बनाकर पेड़ लगाओ, जल बचाओं, धरती व पर्यावरण बचाओं के संदेश दिये। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एम.डी. पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि इस अवसर पर लिटल हार्टस पब्लिक स्कूल, भिवानी में आठवी कक्षा के बच्चों की पेंटींग गतिविधि, स्टोरी टैलिंग गतिविधि व पर्यावरण संबंधी लघु नाटिका का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक पेंटींग बनाते हुए व स्टोरी टैलिंग के माध्यम से अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाए व सैक्टर-13 स्थित लिटल हार्टस इन्टरनेशनल स्कूल की आठवी कक्षा की बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट गतिविधि व प्ले ग्रुप की ग्रीन डे सेलीब्रेशन गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने मनुष्य जीवन में प्रकृति के महत्व को दर्शाते हुए अपनी अदभुत प्रतिभा से सबको आश्चर्यचकित कर दिया।

उन्होने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों का पर्यावरण के प्रति लगाव उत्पन्न होता है जिससे वे अपने आस-पास का वातावरण स्वच्छ रख सके व धरती को प्रदुषण संबंधी समस्याओं से बचा सके। छठी व सातवी कक्षा की छात्राओं ने लघुनाटिका के द्वारा धरती व पर्यावरण बचाओं व पेड़ लगाओं के संदेश दिए। बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए विद्यालय की निदेशिका ऐश्वर्या सिंघल, निदेशक राम सिंघल, राहुल गोयल, निश्चल गोयल, साक्षी गोयल व प्राचार्य दीपक जोशी, प्राचार्या आरती शर्मा, उप-प्राचार्य मनमोहन चावला ने उनकी प्रशंसा की व उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया।

**ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर कोर्डिनेटर मेनका चौधरी, कविता शर्मा, कविता बंसल, सुषमा, प्रमिल, मिनाक्षी, नेहा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

---

# महिला सशक्तिकरण को मजबूत करेंगी वर्कर्स और हैल्पर के पदों पर नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



- आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्पर के पदों पर नियुक्ति की घोषणा का किया स्वागत

वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी के नेतृत्व में भाजपा महिला सशक्तिरण की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है, जिसके लिए समय-समय पर महिलाओं के हित एवं उत्थान के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे है।

इसी कड़ी में अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा में आंगनवाड़ी वर्कर और हैल्पर के खाली पदों पर करीबन 7100 पदों को भरे जाने की घोषणा की है। जिन पदों को भरे जाने की प्रक्रिया भी जल्द ही शुरू हो जाएगी।

जयसिंह वाल्मीकि ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय ना केवल हजारों महिलाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि प्रदेश के बच्चों, महिलाओं और जरूरतमंद परिवारों को पोषण व देखभाल की बेहतर सुविधाएं भी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का यह दूरदर्शी कदम से प्रदेश में महिला सशक्तिकरण को और अधिक मजबूत करेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्पर के रिक्त पदों को भरना ना केवल बाल और महिला कल्याण के लिए आवश्यक है, बल्कि यह राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। प्रदेश की भाजपा सरकार का यह कदम समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# समानता व मानवता के मूल्यों को मजबूत कर रही भाजपा : डा. किरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

- भाजपा नेताओं को पांच-पांच गांवों में जाकर बाबा साहेब की विचारधारा व आदर्शो से अवगत करवाने की जिम्मेवारी भी सौंपी

संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा व देशहित में किए गए कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा 14 से 25 अप्रैल तक जयंती पखवाड़ा मनाया गया, जिसके तहत भाजपा नेताओं को पांच-पांच गांवों में जाकर बाबा साहेब की विचारधारा व आदर्शो से अवगत करवाने की जिम्मेवारी भी सौंपी गई।

इसी कड़ी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार दादरी पूर्व जिला अध्यक्ष एवं गोहाना प्रभारी डा. किरण कलकल ने वीरवार को गांव समसपुर, लोहरवाड़ा, मिसरी, खातीवास, रानिला में कार्यक्रम का आयोजन कर समाज के प्रबुद्ध लोगों से बातचीत की तथा उन्हे बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलते हुए देश हित में कार्य करने व युवाओं को भी इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विभिन्न गांवों में पहुंचने पर डा. किरण कलकल का भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान गांव समसपुर की महिला सरपंच नीतू ने पगड़ी पहनाकर डा. किरण का स्वागत किया। कार्यक्रम के तहत डा. किरण ने रविदास मंदिर की सफाई भी की। ग्रामीणों से बातचीत करते हुए डा. किरण कलकल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के नारे को सार्थक करने की दिशा में मजबूती से कार्य कर रही है।

---

# शिव भगवान भक्तों पर दया बरसाने वाले देव

- शिव महापुराण कथा में शिव की महिमा का वर्णन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहल

बहल की बेटियों द्वारा आयोजित की जा रही शिव महापुराण कथा में शिव की महिमा का वर्णन किया गया व अनेक मार्मिक प्रसंगों के बारे में बताकर आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा दी गई। कथावाचक पंडित कमल सूंठवाल ने कहा कि भगवान शिव का जीवन त्याग, परोपकार व मानवता की भलाई का संदेश देता है। भगवान शिव देवों के महादेव है। शिव भगवान हमेशा अपने भक्तों पर दया बरसाने वाले देव है।

बुधवार को ब्रह्मदत्त मेमोरियल हॉल में आयोजित कथा में कथावाचक पंडित कमल सूंठवाल ने कहा कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन हो जाना है। उन्होंने शिव परिवार की विशेषताओं और शिव के वैराग्य के देवता होने के बावजूद गृहस्थ जीवन में रहकर वैराग्य और योग धर्म का पालन करने के संदेश पर प्रकाश डाला। कथावाचक ने कार्तिकेय का जन्म, गणेश अवतार का वर्णन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दोनों बालकों ने जब अपने विवाह पहले करवाने की जिद की तो शिव ने उनको पृथ्वी का चक्कर लगाने का फरमान सुनाया। कार्तिकेय तो मयूर पर सवार होकर पृथ्वी नापने चले गए पर कुशाग्र बुद्धि के गणेश ने शिव, पार्वती के चक्कर लगाकर अपने आदेश का पालन कर लिया। भगवान शिव ने खुश होकर उनका रिद्धि सिद्धि से विवाह संपन्न करवाया। पंडित कमल सूंठवाल ने कहा कि माता, पिता के बढक़र दूसरा कोई देव नहीं है। हमेशा माता, पिता का आदर करना चाहिए और उनकी सेवा कर पुण्य का भागी बनना चाहिए।

# शारीरिक शिक्षकों एवं खिलाड़ियों को पूरा सहयोग करेंगे : शिवकुमार

- हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने उप जिला शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी


भिवानी। डिप्टी डीईओ का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान कुलदीप महला एवं जिला महासचिव सुधीर मलिक के नेतृत्व में वीरवार को भिवानी के नवनियुक्त उप जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार तंवर से मिले तथा उन्हे नए पदभार की बधाई दी तथा विश्वास जताया कि नवनियुक्त उप जिला शिक्षा अधिकारी जिला में शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के साथ-साथ शिक्षा जगत से जुड़े लोगों की समस्याओं का समाधान भी प्रमुखता से करवाने का कार्य करेंगे।

जिला प्रधान कुलदीप महला ने कहा कि शिवकुमार तंवर का अध्यापन का लंबा अनुभव रहा है। वे मूल रूप से शिक्षा से जुड़े रहे तथा अब खंड शिक्षा अधिकारी से उप जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नत हुए है। ऐसे में उनके अनुभव का जिला भर के विद्यार्थियों को निश्चित रूप से लाभ पहुंचेगा। इस मौके पर उप जिला शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर ने कहा कि हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन का आभार जताते हुए विश्वास दिलाया कि वे आगामी समय में शारीरिक शिक्षकों एवं खिलाड़िय़ों को उनकी तरफ से पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि शारीरिक शिक्षक विद्यालय की रीड की हड्डी होते हैं तथा उनके बगैर विद्यालय में अनुशासन संभव ही नहीं है। शारीरिक शिक्षक एक खिलाड़ी को जमीनी स्तर से उठाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने में सहयोग करते है। ऐसे में शारीरिक शिक्षकों की मांग व मुद्दों की तरफ उनका विशेष ध्यान रहेगा। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ढांडा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र घनघस, पूर्व प्रदेश महासचिव बलवान सिंह, प्रदेश संगठन सचिव सोमदत्त शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

- गाय और गोशालाएं हमारी सांस्कृतिक विरासत का है हिस्सा : जोगेंद्र तालु
- तालु ने ग्रामीणों को गौ आधारित प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित भी किया।

स्वच्छता और पशु सेवा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु के नेतृत्व में गौशाला कमेटी सदस्य व कर्मचारियों ने वीरवार को जिला के गांव तालु स्थित गौशाला में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान तालु ने ग्रामीणों को गौ आधारित प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित भी किया। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने गोशाला की सफाई के साथ-साथ वहां मौजूद गायों को चारा भी खिलाया और उन्हें स्नान कराया।

इस मौके पर ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य ना केवल स्वच्छता को बढ़ावा देना है, बल्कि लोगों को गौसेवा के प्रति प्रेरित करना भी है। उन्होंने कहा गौशालाएं हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं। इनकी सफाई और देखभाल केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। गौ आधारित प्राकृतिक खेती का महत्व बताते हुए जोगेंद्र तालु ने कहा कि यह एक ऐसी कृषि पद्धति है जिसमें रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के स्थान पर गाय के गोबर, गोमूत्र, और अन्य प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग किया जाता है। जिससे मिट्टी की उर्वरता बढऩे के साथ फसलों की गुणवत्ता में भी सुधार आता है। इस अवसर पर अमित, ढिल्लू, जयवीर, डल्लू, जग्गी भाट, विजय कुमार, रोहताश भाट, बुगला सहित अन्य युवा भी मौजूद रहे।

---

## मानसिक स्वास्थ्य व नशा मुक्ति जागरूकता कैंप का आयोजन

# नशे की लत से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी


भिवानी। मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति जागरूकता कैंप में उपस्थित लोग।

सेक्टर-13 स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में वीरवार को मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल से डा. प्रीति तंवर के नेतृत्व में चिकित्सकों टीम पहुंची तथा लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया तथा नशे की लत से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी भी दी।

उन्होंने उपस्थित लोगों को तनाव, अवसाद, चिंता, और नशे की लत जैसे मुद्दों पर जानकारी दी और उनसे जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया। डा. प्रीति तंवर ने मानसिक स्वास्थ्य को जीवन का अहम हिस्सा बताते हुए कहा कि समय पर सही जानकारी और सहयोग मिलने से मानसिक रोगों का इलाज संभव है। इस मौके पर ओमप्रकाश पोपली व डा. फूल सिंह धनाना ने कहा कि लोग शारीरिक तौर पर स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम आदि करते है, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य के बारे मे कम ही लोग जागरूक होते है, जबकि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही जरूरी है। इस शिविर का उद्देश्य समाज में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर फैली चुप्पी को तोडऩा और लोगों को यह समझाना है कि मदद मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि समझदारी है। उन्होंने बताया कि सीनियर सिटीजन क्लब में समय-समय पर विभिन्न बीमारियों जांच शिविर लगाए जाते रहते है, ताकि लोगों को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया जाता रहे। कार्यक्रम का समापन नशा मुक्ति की शपथ के साथ हुआ।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सत्यवान हसान, आजाद सिंह, शिवकुमार चांगिया, राजेंद्र सिंह दहिया, रामधन जांगड़ा, कैप्टन रामेहर जांगड़ा, अजीत नांदल, तिलक अरोड़ा, सूरजभान मलिक, रामकिशन जाखड़, एसके गिरधर, ताराचंद खत्री, भानु प्रताप, हरिकिशन सिवाच सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पर्यावरण के प्रति जिम्मेवारी निभानी होगी : त्रिवेणी

**भिवानी।** पर्यावरण प्रदूषण की मार सबसे अधिक आर्थिक तौर पर कमजोर लोगों पर पड़ती है। इसका मुख्य कारण है कि वे अक्सर उन क्षेत्रों में रहते है, जहां प्रदूषण का स्तर अधिक होता है। जैसे कि औद्योगिक क्षेत्रों के पास का। जन स्थानों पर कचरा अधिक होता है। इसके साथ-साथ गरीब लोग अक्सर पर्यावरण के प्रति कम जागरूक होते है और उन्हे प्रदूषण के खतरों के बारे में पता भी नहीं होता। यह बात त्रिवेणी बाबा ने भिवानीमजदूरों की झुग्गी बस्ती मे त्रिवेणी रोपित करने उपरांत कही। उन्होंने कहा कि गरीब लोग हरे-भरे उपनगरों में रहने से वंचित रह जाते है।

**सूचना**

मैं, राजेश कुमार अग्रवाल पुत्र कृष्ण कुमार पुत्र राधाकिशन निवासी रेलवे रोड़, चरखी दादरी, (हरियाणा) ब्यान करता हूं कि कि हमारा एक प्लाट जो कि नजदीक रेलवे क्रासिंग, रोहतक रोड़, चरखी दादरी, तहसील व जिला चरखी दादरी (हरियाणा) में हैं जो कि मय टीन शैड़ है। जिसको आरम्भ में श्री कृष्ण कुमार, हरिश कुमार व अशोक कुमार पुत्रान श्री राधा किशन रजिस्ट्री बैनामा नम्बर-1482 दिनांक 22.08.2008 की रूह से तीनो बराबर के (100 गज प्रति) के हिस्सेदार व मालिक थे। जिसका कुल क्षेत्रफल 300 वर्गगज था। जिसकी सूचना मैंने अखबार के माध्यम से दिनांक 11.01.2025 को दी थीं। जिसमें एक मालिक हरीश कुमार ने अपना हिस्सा 100 वर्गगज किसी अन्य को बेच दिया या ट्रांसफर कर दिया है तथा बाकि 200 वर्गगज में मेरे पिता जी श्री कृष्ण कुमार व चाचा श्री अशोक कुमार बराबर के मालिक है। जिनकी प्रोपर्टी आईडी नम्बर- 3DJBWJB2 हैं हैं जो कि 200 वर्गगज की हैं। मेरे पिता जी कृष्ण कुमार पुत्र राधाकिशन का देहान्त दिनांक 20.06.2024 को हो चुका हैं तथा मेरी माता जी श्रीमति उर्मिला देवी पत्नी कृष्ण कुमार का स्वर्गवास मेरे पिता जी से पहले हो चुका है यह कि मेरे पिता जी के स्वर्गवास के बाद हम निम्न वारसान है :- 1. राजेश कुमार अग्रवाल, पुत्र स्व० कृष्ण कुमार, 2- राकेश कुमार पुत्र स्व० कृष्ण कुमार, 3. मनोज कुमार पुत्र स्व० कृष्ण कुमार, 4. मधु मित्तल पुत्री स्व० कृष्ण कुमार, उपरोक्त के अलावा मेरे पिता जी स्व. श्री कृष्ण कुमार का अन्य कोई वारिस ना है, अगर पाया गया तो इसका मैं स्वयं जिम्मेवार होंगा। अगर किसी को कोई एतराज है तो 15 दिन के अंदर अपना एतराज श्रीमान तहसीलदार साहब के कार्यालय चरखी दादरी में दर्ज करवा सकता है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस शिविर का आयोजन

**लोहारू।** उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण लोहारू द्वारा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण भिवानी एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के निर्देशानुसार व उप मंडल कानूनी सेवा समिति लोहारू के अध्यक्ष एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। चौ. बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में आयोजित इस शिविर में पैनल अधिवक्ता सुबेसिंह द्वारा कानून के बारे में और मेगा लीगल कैंप का आयोजन किया। उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण लोहारू में राष्ट्रीय पंचायत डे की महत्ता व नालसा द्वारा चलाए जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में तथा लोगों को मिलने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### परशुराम जन्मोत्सव पर यज्ञ 29 को

**लोहारू।** श्री ब्राह्मण महासभा द्वारा आगामी 29 अप्रैल को अक्षय तृतीया के मौके पर भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। सभा के प्रधान कृष्ण टीकेवाला की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विभिन्न समाज के लोग हिस्सा लेगें और हवन में आहुति डालकर विश्व कल्याण की कामना करेंगे। जानकारी देते हुए श्री ब्राह्मण महासभा के सचिव राजीव वत्स ने बताया कि हमेशा की तरह बार भी अक्षय तृतीया के मौके पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

### भिवानी में मनाया गया पंचायती राज दिवस

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक के मार्गदर्शन में राजकीय आईटीआई भिवानी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अत्यंत उत्साह और सामाजिक चेतना के साथ मनाया गया। यह दिन भारतीय लोकतंत्र की उस जड़ों को समर्पित है, जो गांवों की मिट्टी से होकर राष्ट्र की नींव को मजबूत करती हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वानि देव मंत्र के उच्चारण साथ हुआ।

अनुदेशक राज कुमार आर्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पंचायती राज व्यवस्था को लोकतंत्र की आत्मा बताई है। उन्होंने वैदिक काल से लेकर वर्तमान पंचायती राज व्यवस्था प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंचायती राज व्यवस्था भारत में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करती है और यह ग्रामीण जनता को अधिकार देती है।

### लघु सचिवालय में समाधान शिविर लगाया

**चरखी दादरी।** जिला में लगातार नागरिकों की शिकायतों के निदान के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर लगाए जा रहे इन शिविरों में आनी वाली शिकायतों का मौके पर ही समाधान हो रहा है। वीरवार को उपायुक्त मुनीश शर्मा के मार्गदर्शन में सीटीएम जितेन्द्र कुमार ने लघु सचिवालय के सभागार में लोगों की शिकायतें सुनी और उनके निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों ने मौके पर इन शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया शुरू की।

## आक्रोश में नजर आया शहर, जमकर नरेबाजी, प्रदर्शन किया

# अधिवक्ता परिषद ने आतंकियों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**पर्यटकों की हत्या अत्यंत ही निंदनीय है, ऐसे जघन्य अपराध क्षमा योग्य नहीं : सुमित जांगड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अधिवक्ता परिषद हरियाणा की भिवानी इकाई ने वीरवार को जिला अध्यक्ष सुमित जांगड़ा की अध्यक्षता में पहलगाम में हुए हमले का विरोध करने और आतंकियों पर कठोर कार्यवाही करने करने तथा उच्च न्यायपालिका के लिए नियुक्ति और जवाब देही तंत्र में सुधार की मांग करने को लेकर उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय और राज्यपाल हरियाणा के नाम ज्ञापन दिया। इस दौरान अधिवक्ता परिषद द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर पहलगाम नरसंहार में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री अमित बंसल ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला और पर्यटकों की हत्या अत्यंत ही निंदनीय है। ऐसे जघन्य अपराध क्षमा योग्य नहीं है और अधिवक्ता परिषद हरियाणा भिवानी इकाई इसकी कठोर शब्दों में निंदा करती है। साथ ही हमले में शहीद पर्यटकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए सरकार से मांग करती है कि आतंकवादियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि देश के जनमानस में दोबारा विश्वास कायम किया जा सके और इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुमित जांगड़ा ने बताया कि उच्च न्यायपालिका में नियुक्ति में पारदर्शिता लाना और उनके जवाबदेही निश्चित करना बहुत ही आवश्यक है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति को उचित न्याय मिल सके। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में पास किए गए संकल्प के अनुसार और उनके निर्देशानुसार ज्ञापन दिए गए हैं। इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष चंद्रपाल चौहान, प्रांत महिला उपाध्यक्ष शीला तंवर व गणेश बंसल उपस्थिति रहे।



भिवानी। कार्रवाई की मांग को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए।

### तोशाम में जलाया गया पाकिस्तान का पुतला

*तोशाम। कश्मीर के पहलगांव में हाल ही में पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा चलाई गई अंधाधुंध गोलीबारी में दर्जनों लोगों की हुई हत्या के विरोध में गुरुवार को तोशाम में विभिन्न लोगों ने बस स्टैंड के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका। इस दौरान मौजूद लोगों में पाकिस्तान के प्रति जमकर गुस्सा था। उन्होंने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस गोलीबारी कांड के दौरान बेकसूर पर्यटकों की हत्या करने में जो आतंकवादी शामिल थे उनको जल्द से जल्द गिरफ्तार करके फांसी की सजा दी जाए और भविष्य में हिंदुस्तान की धरा पर ऐसी कायरतापूर्ण घटना कभी भी घटित न हो। इस मौके पर पवन शर्मा, डॉ. बी सरकार, उमेद, श्यामलाल, रामपाल, मोनू, काशी, अशोक, ओमप्रकाश, रमेश आदि सहित अनेक व्यक्ति मौजूद थे।*

### भारत माता सेवा मंडल ने की निंदा



**भिवानी।** पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की बर्बर हत्या किए जाने पर भारत माता सेवा मंडल के सभी सदस्यों ने कड़े शब्दों में निंदा की है। एम सी कॉलोनी स्थित सेंट्रल पार्क में मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता पदम सिंह चौहान संरक्षक पूर्णमल शर्मा,गणपत जसूजा,धर्मपाल वधवा, संगठन मंत्री सुमेर सैनी , प्रभारी डॉ ओमप्रकाश चावला ,सरदार बलदेव सिंह ,मुरारीलाल शर्मा ने इस अमानवीय घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि देश दुनिया से पाकिस्तान को अलग थलग करने के लिए केंद्र सरकार से ओर अधिक कड़े कदम उठाए जाने की मांग की। पूरा देश इस घटना से स्तब्ध है। जन जन में रोष व्याप्त है। सभी सदस्यों ने पुण्य आत्माओं के लिए दो मिनिट का मौन रख कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में स्वदेशी जागरण मंच ने फूंका आतंकवाद का पुतला



**भिवानी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ देशभर में गुस्सा है। इसी क्रम में वीरवार को स्वदेशी जागरण मंच ने घटांघर के नजदीक स्थित स्वदेशी जागरण मंच की दीवार के नजदीक इस्माली आतंकवाद का पुतला फूंका तथा रोष्ज्ञ जताया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए सरकार से आतंकवाद के सफाए के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने भारत माता की जय और आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए। इस मौके पर स्वदेशी जागरण मंच के जिला सह संयोजक विजय सिंघल ने कहा कि अब समय आ गया है जब आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाए। उन्होंने सरकार से आतंकियों के सरपरस्तों के खिलाफ भी सख्त रुख अपनाने की मांग की।



### आतंकी हमले को लेकर कस्बावासियों ने किया रोष प्रदर्शन, नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**बवानीखेड़ा।** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगांव में हाल ही में हुई घटना, जिसमें आतंकवादियों ने हिन्दू पर्यटकों से उनका धार्मिक नाम पूछकर उनकी निर्दय हत्या कर दी, पूरे राष्ट्र को स्तब्ध एवं आक्रोशित कर देने वाली है। इसी को लेकर बवानी खेड़ावासियों में रोष फैल गया और समस्त हिन्दू संगठन, एवं समस्त हिन्दू समाज के लोगों ने नपा प्रधान सुंदर अत्री के नेतृत्व में एकत्रित होकर रोष प्रदर्शन किया और "धर्म पूछकर मारा है, धर्म बताकर मारेंगे" के नारों की गूंज से तहसील कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि यह न केवल एक आतंकवादी हमला है, अपितु यह भारत के बहुसंख्यक समाज की धार्मिक स्वतंत्रता, पहचान और गरिमा पर सीधा आघात है। उपस्थित जनों ने बताया कि उक्त घटना में शामिल सभी आतंकवादियों को शीघ्र गिरफ्तार कर मृत्युदंड दिया जाए।

### शहीद और मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**भिवानी।** समाज व राष्ट्र को समर्पित नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति के द्वारा विवेकानंद हाई स्कूल में पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हाल ही में हुई आतंकवादी घटना में हुए शहीदों एवं मारे गए भारतीय हिन्दू धर्म के पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में प्रार्थना सभा स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों और शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार को इस दुःख की घड़ी में हिम्मत देने के लिए भगवान से प्रार्थना की। सभा में विद्यालय की संचालिका सावित्री यादव एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि आतंकवाद की इस बर्बर घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाए और आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं।

*यातायात नियमों के बारे में जागरूक करें*

## हरसंभव प्रयास करके सड़क हादसों पर लगाएं अंकुश: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ रोड सेफ्टी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई

उपायुक्त महावीर कौशिक की अध्यक्षता में लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में वीरवार को रोड सेफ्टी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त कौशिक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हरसंभव प्रयास कर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाएं।

इसके अलावा विशेष अभियान चलाकर शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों व आमजन को सडक़ सुरक्षा बारे जागरूक करें। जहां-जहां पर सडक़ों की मरम्मत की जानी है या सीसी का कार्य होना है, उसको शीघ्र किया जाए, ताकि सडक़ हादसे न हो। दुर्घटना संभावित प्वाइंटों की पहचान कर साईन बोर्ड जरूरी लगवाएं जाए। बैठक में उपायुक्त कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला में 15 जून से पहले सभी सडक़ों की मरम्मत का कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाईवे व अन्य मुख्य मार्गों पर अवैध कटों को बंद किया जाए। उन्होंने एनएच और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उनसे संबंधित सडक़ परियोजनाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडक़ निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सही होनी चाहिए। उन्होंने यातायात पुलिस को निर्देश दिए कि शहर के प्रमुख चौराहों/ मोड़ के आसपास किसी भी प्रकार का वाहन, रेहड़ी आदि को खड़ा न होने दें, जिससे भीड़भाड़ और जाम की स्थिति बनती है। उन्होंने कहा कि किसी भी मोड़ या चौराहे के आसपास खुला स्थान होना जरूरी है। दुर्घटना संभावित क्षेत्र की पहचान होनी चाहिए और दुर्घटनाओं के कारण का पता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी हादसा होने पर एंबुलेंस तुरंत प्रभाव या निर्धारित समय के अनुरूप अस्पताल पहुंचे ताकि घायल का समय पर उपचार हो और उसकी जान बचाई जा सके।

*हलवासिया विद्या विहार में कार्यक्रम*

## पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में मेधावियों को सम्मानित करते ।

हलवासिया विद्या विहार के माध्यमिक विभाग में गत वर्ष 2024 -25 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा सातवीं का पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जी लिट्रा वैली की पूर्व प्राचार्या डॉ अलका माथुर ने शिरकत की। वर्तमान में सेवानिवृत्ति के बाद काउंसलिंग व फैमिली थैरेपी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स पूरा कर चुकी हैं।अब मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। जिसका उद्देश्य समाज की भलाई में योगदान देना है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंचासीन महानुभावों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जलवन व पुष्पार्पण किया गया ।विद्यालय प्रशासन द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। सर्वप्रथम आचार्य हरिश्चंद्र के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं द्वारा 'भारत माँ की संताने हैं हम' समूह गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में अश्मि ने इंग्लिश सॉन्ग प्रस्तुत किया। बिंदु वर्मा व नीतू शर्मा के निर्देशन में भैया और बहिनों ने मिलकर बहुत ही शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। छात्र रक्षिता द्वारा हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में आचार्या मीनाक्षी अग्रवाल, कविता व अश्मी और वृत्तिका छात्राओं ने कक्षा सातवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों की जानकारी दी।



भिवानी। निलंबन के विरोध में नारेबाजी करते हुए।

## निलंबन के विरोध में सभी ऑपरेशन सर्कलों में गेट मीटिंग कर रोष जताया

**भिवानी।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के सभी ऑपरेशन सर्कलों में अधीक्षण अभियंता, ऑपरेशन सर्कल, जींद ,इं. हरिदत्त के अन्यायपूर्ण निलंबन के विरोध में गेट मीटिंग्स का आयोजन किया जा रहा है। हाल ही में हरियाणा के माननीय ऊर्जा मंत्री की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान, इंजीनियर हरिदत्त को मंत्री महिपाल ढांढा द्वारा किए गए फोन कॉल का उत्तर न देने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई संबंधित अधिकारी को अपनी सफाई देने का अवसर दिए बिना की गई, जिससे दोनों निगमों के अभियंता वर्ग में गहरी चिंता उत्पन्न हुई है। इस एकतरफा निर्णय की प्रदेशभर के अभियंताओं द्वारा व्यापक निंदा की जा रही है। गेट मीटिंग्स के माध्यम से सभी सर्कलों में सामूहिक रूप से आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है और प्रशासनिक कार्यवाहियों में निष्पक्षता तथा पारदर्शिता की मांग की जा रही है। इसी क्रम में आज भिवानी और दादरी जिलों के ऑपरेशन सर्कलों में एक संयुक्त विरोध बैठक आयोजित की गई, जिसमें एसई विजेंदर लांबा ,एक्सईएन संजय रंगा,एक्सईएन संदीप दलाल ,एक्सईएन रोहिल्ला उपस्थित रहे।

## स्कूलों में बाल विवाह और बच्चों के अधिकारों लेकर जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। छात्राओं को बाल विवाह रोकने में सहयोग की शपथ दिलाते हुए।

संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी हरबंस कौर ने विभिन्न स्कूलों में बच्चों को बाल विवाह के प्रति जागरूक किया और बच्चों को अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बड़े मुहूर्त की आड़ लेकर बाल विवाह करने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एपीएस स्कूल व वैश्य गर्ल्स स्कूल में विद्यार्थियों से मुलाकात की और उन्हें बाल विवाह को लेकर जागरूक किया।

उन्होंने बच्चों को उनके अधिकारों को लेकर भी जानकारी दी और बताया कि विवाह के लिए लड़की की शादी की उम्र 18 वर्ष व लड़के की शादी की उम्र 21 वर्ष निर्धारित की गई है। नियम के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही किए जाने का भी प्रावधान है, जिसके तहत 2 साल की जेल व एक लाख रूपये तक के जुर्माने का भी प्रावधान है। बाल विवाह के संबंध में सूचना पुलिस थाना, चौकी में, आंगनबाड़ी वर्कर, डब्ल्यू सीडीपीओ, बाल संरक्षण अधिकारी, डीपीओ, महिला एवं बाल विकास, एसडीएम, बीडीपीओ, तहसीलदार, सीटीएम, पुलिस अधीक्षक व बाल विवाह निषेध अधिकारी व पुलिस कंट्रोल रूम में दी जा सकती है।



## डॉ मनोज कुमार की 12वीं पुण्यतिथि पर विद्यार्थियों को बांटी स्टेशनरी

**लोहारू।** स्व. डॉ मनोज कुमार की 12वीं पुण्यतिथि पर पारिवारिक सदस्यों ने शहीद सरदार सिंह माध्यमिक विद्यालय गोठड़ा के प्रांगण में एक समारोह का आयोजन किया। समारोह में डॉ मनोज कुमार के परिवार के सदस्य पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी एवं एडवोकेट करण सिंह गोठड़ा द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं को पहचान-पत्र, टाई बेल्ट और स्टेशनरी वितरित की गई। करण सिंह गोठड़ा ने बताया कि स्वर्गीय डॉ मनोज कुमार का बच्चों से बड़ा लगाव था वह स्कूल के बच्चों को समय-समय पर प्रोत्साहित करते थे और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते थे। उनकी याद में परिवार के सभी सदस्यों के साथ मिलकर हम हर साल उनकी पुण्यतिथि पर स्कूल के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हैं। मुख्य अध्यापक अनिल सांगवान ने बताया कि डॉ मनोज का परिवार शिक्षित परिवार तथा वे शिक्षा के जुड़े कार्यो के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने की नई प्रेरणा मिलती है। कक्षा पहली से आठवीं तक पहला दूसरा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम से पहले डॉ मनोज कुमार की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर उर्मिला देवी, शास्त्री संतोष देवी शयोराण , बलवान महला, मुन्नी पी टी आई, सागर क्लर्क, अजय कलियाँ, पृथ्वी सिंह, संजय शयोराण आदि स्कूल स्टाफ व ग्रामीण उपस्थित रहे।

**जागरूकता** | चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय में मलेरिया के रोकथाम पर किए विचार सांझा

# पोस्टर प्रतियोगिता करवाकर मलेरिया से बचव के उपाय दर्शाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

*डॉ रजनीकांत ने ओईम से जीनोम, जीवनशैली और कार्यशैली पर विस्तृत ज्ञान दिया और डॉ नीलम ने मलेरिया की रोकथाम, नवीनतम अनुसंधान और जनस्वास्थ्य में विज्ञान की भूमिका पर विचार साझा किए। पोस्टर प्रतियोगिता में एम.एससी. बॉटनी, जूलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी विभागों के छात्रों ने भाग लिया और अत्यंत प्रभावशाली व सूचनात्मक पोस्टर प्रस्तुत किए।*

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता के साथ-साथ विशेषज्ञ व्याख्यान भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को मलेरिया जैसी वैश्विक स्वास्थ्य समस्या के प्रति जागरूक करना और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से उनके विचारों को मंच प्रदान करना था।

कार्यक्रम में डॉ. रजनीकांत दीक्षित (वरिष्ठ वैज्ञानिक, एनआईएमआर नई दिल्ली) और एमडीयू रोहतक से डॉ. नीलम सहरावत को आमंत्रित किया गया था।



भिवानी। मलेरिया पर आयोजित व्याख्यान में उपस्थित शिक्षक।

डॉ रजनीकांत ने ओईम से जीनोम, जीवनशैली और कार्यशैली पर विस्तृत ज्ञान दिया और डॉ नीलम ने मलेरिया की रोकथाम, नवीनतम अनुसंधान और जनस्वास्थ्य में विज्ञान की भूमिका पर विचार साझा किए। पोस्टर प्रतियोगिता में एम.एससी. बॉटनी, जूलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी विभागों के छात्रों ने भाग लिया और अत्यंत प्रभावशाली व सूचनात्मक पोस्टर प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में शालू पहले स्थान पर रही

प्रतियोगिता में प्रथम शालू और मानसी, जूलॉजी विभाग, द्वितीय सचिन कुमार बॉटनी विभाग और तृतीय स्थान तनु बायोटेक विभाग को प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ आशा पुनिया और डॉ अखलाक खान थे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र व पुरस्कार भेंट किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. ललिता गुप्ता (विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र) ने की और बच्चों का मार्गदर्शन किया। डॉ पार्वती ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। इस अवसर पर जीवन विज्ञान संकाय के प्रो. संजीव कुमार (विभागाध्यक्ष, जैव प्रौद्योगिकी) ने मलेरिया और स्वास्थ्य के बारे में बताया।,, डॉ. मोनिका जांगड़ा, डॉ. नीति चावला, डॉ. धीरेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू | 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
C.E.T. रेलवे
CUET अग्निवीर
S.S.C. Delhi Police
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली, नजदीक बस स्टैण्ड, च. दादरी
9050035973, 9812611926